एगॉन रश में प्रतिभागियों का दिखा हुनर

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

- मस्ती और उत्साह के साथ संपन्न हुआ वार्षिक प्रबंधन, सांस्कृतिक व स्पोर्ट्स फेस्ट एगॉन रश-22

आइआइएम रांची के वार्षिक प्रबंधन, सांस्कृतिक व स्पोर्ट्स फेस्ट एगॉन रश-22 का समापन सोमवार को हुआ. एगॉन रश का समापन स्टार-इवेंट कॉमेडी नाइट के साथ हुआ. स्टैंडअप कॉमेडियन रजत चौहान ने विद्यार्थियों का खूब मनोरंजन किया. अंतिम दिन खेल, प्रबंधन कार्यक्रम और कई प्रतियोगिताएं हुईं. स्पोर्ट्स कमेटी ने 300 विद्यार्थियों के बीच बीजीएमआइ और एइट बॉल पुल जैसे ऑनलाइन खेल आयोजित किये. कन्सल्टिंग क्लब ने क्रिकेट मंडी का आयोजन हुआ. आइपीएल की तरह ऑक्शन बेस्ड प्रतियोगिता हुई. कॉरपोरेट केस कंपीटिशन में देशभर के प्रबंधन संस्थानों के 600 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. अंतिम चरण में विजेता के रूप में आठ टीमों का चयन हुआ. पॉलिनॉमिक्स की ओर से विश्लेषण 2.0 का संचालन हुआ.

आइआइएम रांची का बेहतर प्रदर्शन : एगॉन रश के दौरान फाइनांस क्लब फिनोप्सिस ने मार्केट्स 4.0 का संचालन किया. इसमें कंपनियां कैसे देश व राज्य की अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचा सकती हैं, इसपर आधारित प्रतियोगिता हुई. इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के थिंकोवेशन कार्यक्रम में बिजनेस आइडिया के जरिये युवाओं के बीच रोजगार के विकल्प पेश किये गये. कार्यक्रम का समापन वर्चुअल वॉकिथॉन के साथ हुआ. इसमें 350 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और समाज में बेहतर स्वास्थ्य के सतत विकास के लिए 17000 रुपये इकट्ठा किये. इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में आइआइएम रांची का बेहतर प्रदर्शन रहा.

Prabhat Khabar_08.02.2022_Pg. 06